Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01–भू0अ0नि0(9) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय / अन्तर्राज्यीय सीमा)–22 / 2022 1737

प्रेषक,

जय सिंह, भा0प्र0से0
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

निदेशक,
सर्वे ऑफ इंडिया, पटना कार्यालय,
चौधरी, कर्पूरी ठाकुर कॉम्पलेक्स
अशियाना दीघा रोड, पटना।

पटना, दिनांक :– 14/7/2022

विषय :– बिहार राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय एवं अंतर्राज्यीय सीमा पर अवस्थित राजस्व ग्रामों की सीमा सत्यापन में सहयोग करने एवं हवाई सर्वेक्षण एजेंसियों द्वारा तैयार किए गए मानचित्रों की शुद्धता की जाँच / सत्यापन के लिए तृतीय पक्ष के रूप में कार्य करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 1631 दिनांक– 02.07.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र का संदर्भ किया जाए। इस संदर्भ में आपके द्वारा Aerial Data से संबंधित कार्य पद्धति इत्यादि के संदर्भ में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के Lab / कार्यालय में भ्रमण करने का अनौपचारिक रूप से अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में स्वयं तथा कार्य के जानकार कर्मी के साथ दिनांक– 15.07.2022 को बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना अवस्थित सर्वेक्षण एजेंसियों Lab का भ्रमण किया जा सकता है। इस कार्य में आपके सहयोग हेतु भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के निम्न कर्मी को सम्बद्ध किया जाता है:–

1. श्री अभितोष कुमार, प्रोगामर, बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।
2. मो0 अली, उच्चवर्गीय लिपिक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना।
3. श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

विश्वासभाजन

(जय सिंह) 14/7/22
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या – 01–भू0अ0नि0(9) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय / अन्तर्राज्यीय सीमा)–22 / 2022 1737 पटना दिनांक 14/7/2022

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अनुरोध है कि अपने स्तर से उनके कार्यों के आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को निदेशित किया जाए।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 14/7/22

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\director\File no.-22_2022_ 14.07.2022.doc

संख्या – 01–भू0अ0नि0(9) विशेष सर्वेक्षण (अंतर्राष्ट्रीय / अन्तर्राज्यीय सीमा)–22 / 2022 1737 पटना दिनांक 14/7/2022

प्रतिलिपि :– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, IEISL (IL&FS), Gurgaon, GISC, New Delhi एवं IIC Tech, Hyderabad को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेश है कि SoI द्वारा किये जा रहे निरीक्षण कार्य में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Sanjeev-2022\Birendra kumar_Aso\director\File no.-22_2022_14.07.2022.doc